23106631

**QP CODE: 23106631**

**Reg No :** .....

**Name :** .....

# UNDER GRADUATE (CBCS) IMPROVEMENT / REAPPEARANCE EXAMINATIONS, MARCH 2023

## Fourth Semester

## Common Course II - HN4CCT01 - HINDI-DRAMA AND LONG POEM

(Common for all Model I B.A/B.Sc Programmes)

2017 Admission Onwards

8731F94F

Time: 3 Hours Max. Marks : 80

**Part A**

*Answer any **ten** questions.*

*Each question carries **2** marks.*

1. कोणार्क किसकी रचना है? किस शैली का नाटक है?
2. उत्कल नरेश का महामात्य कौन है? महामात्य के दूत का नाम क्या है?
3. 'राजनगरी में महामात्य ही आजकल सर्वेसर्वा हैं' लोग ऐसा क्यों कहते हैं?
4. कोणार्क मंदिर के उद्घाटन के समय महामात्य क्यों अनुपस्थित थे?
5. महामात्य ने उत्कल नरेश से कौन-सी झूठी बात कही थी?
6. कोणार्क मंदिर की सुरक्षा का नेतृत्व किसने लिया था? विशु को कौन-सा दायित्व सौंपा गया था?
7. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' किसकी कविता है? किस संकलन की कविता है?
8. पुत्री अपने वर का साथ किन पक्षियों के समान चाहती है?
9. बेक़सूर आदमी को क्या झेलना पड़ता है? क्यों झेलना पड़ता है?
10. जवाहर टनल में फँसे लोग अपने साथ क्या-क्या बचा लाये थे ?
11. ढाबा' किसकी रचना है ? लेखक के दो काव्यसंग्रहों के नाम लिखिए।
12. छूट जाता हाथों से पेन,ले लेता उसकी जगह चिमटा'- यह किस रचना का भाग है ? इसके लेखक का नाम लिखिए।

(10×2=20)

## Part B

*Answer any **six** questions.*

*Each question carries **5** marks.*

13. 'आशा? .....जंगलों में भटकनेवाली निराश्रिता अविवाहिता माँ और उसके बच्चे से मिलने की आशा? ....मुझे प्रायश्चित करना होगा" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

14. 'महामात्य को आने दो! उनके आने में अधिक विलम्ब न होगा। .....और इस बीच में हम चाहते हैं कि मूर्ति-वंदना से पूर्व ही हम कोणार्क के निर्माता, अपने प्रधान शिल्पी का, उन्हीं के कक्ष में समादर करें।...." a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

15. 'अरे प्रतिमा के गले में यह कैसे पहुंचा? किन्तु-किन्तु यह तो पत्थर पर अंकित है।.... यह कैसी मरीचिका!.... वही, ठीक वैसा ही अंकन, वही बिलकुल वही, कामदेव की आकृति! नाट्याचार्य, यह कैसी पहेली?" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "आज इस युवक ने ठंडी होती हुई राख को फूँक मारकर प्रज्वलित कर दिया है।"

17. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "कोणार्क एक पामर, पापी, अत्याचारी के हाथ का खिलौना बन जाएगा। आतंक के हाथों में जकड़ी हुई कला सिसकेगी।"

18. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता में पुत्री ने अपने पिता से कौन-कौन से गुणयुक्त वर की बात की है?

19. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। कहते हैं जब शहंशाह सो थे, तब/ सोने से पहले उनका निर्देश था कि / यदि दुनिया ठीक वैसी ही चलती रहे, जैसा / उन्होंने उसे चलने के लिए छोड़ दिया है / और हवाऐं ठीक वैसे ही पूर्व से पश्चिम की ओर, बहती रहें / तब उन्हें नींद से न जगाया जाय।

20. और संसार था ईर्ष्या से भरा हमारे प्रति,जबकि हम भाग रहे थे स्वर्ग से:भिंची हथेलियों में जान थी हमारी -सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

21. भाई के माथे पे लगा टीका,लगाया हमने जो हाथों में चूड़ियाँ पहनाकर,पसीने से छूटा हर बार- सप्रसंग व्याख्या लिखिए ?

(6×5=30)

## Part C

*Answer any **two** questions.*

*Each question carries **15** marks.*

22. "कोणार्क नाटक शिल्पी के प्रतिशोध का सशक्त उदाहरण बनकर हमारे सामने उपस्थित है।" नाटक की कथावस्तु के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

23. कोणार्क मंदिर के निर्माता ही अंत में उसका संहारक बनने के लिए विवश होता है। इसका कारण सहित समर्थन कीजिए।

24. विस्थापन का दर्द अग्निशेखर की कविताओं का जीवंत तत्व है-पढित कविता के संदर्भ में इस कथन का समर्थन कीजिए।

25. ढाबा कविता में रिश्तों के अटूट बंधन का सच्चा चित्र उभर आता है- अपना मत प्रकट कीजिए।

(2×15=30)